प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 09.11.2026

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल 1230 अदद नाजायज Alprazolam Tablets 0.5 mg नशीली टेबलेट व 1350 रुपये नगद बरामद।

दिनांक 08.11.2026 को थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चैकिंग के दौरान अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले अभियुक्त सलमान पुत्र सुल्तान निवासी डीएस-24 गली नं0-1 नई बस्ती दीनदयालपुरी थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 31 वर्ष हिन्डन विहार मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पीछे खाली पड़े मैदान थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से कुल 1230 अदद नाजायज Alprazolam Tablets 0.5 mg नशीली टेबलेट व 1350 रुपये नगद बरामद हुए। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना नन्दग्राम पर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 8/22C एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण++-

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं नशीली टेबलेट मोहन नगर बस अड्डे से एक व्यक्ति से लाता हूं जो अपना नाम पता नही बताता है तथा राह चलते लोगों को अधिक दामों पर बेच देता हूँ तथा जो रूपये मिलते है, उससे अपना गुजारा करता हूँ। आज भी मै राह चलते लोगों को ये नशीली गोलियाँ बेचने के लिए जा रहा था कि आपने मुझे पकड लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

सलमान पुत्र सुल्तान निवासी डीएस-24 गली नं0-1 नई बस्ती दीनदयालपुरी थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र करीब 31 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

1230 अदद नाजायज Alprazolam Tablets 0.5 mg नशीली टेबलेट व 1350 रुपये नगद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त सलमान उपरोक्त के विरूद्ध थाना नन्दग्राम पर 02 अभियोग एनडीपीएस एक्ट व थाना सिहानीगेट पर 03 अभियोग चोरी, 01 अभियोग एनडीपीएस एक्ट, 02 अभियोग आर्म्स एक्ट, 03 अभियोग लूट व 01 अभियोग आबकारी अधिनियम पंजीकृत है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम